# हिन्दुस्तान पटना LIVE

सोमवार, 17 अगस्त, 2015, पटना

www.livehindustan.com



**सिटी**



अग्रसेन भवन में आयोजित 26वें श्रावणी महोत्सव में बच्चों ने कैटवॉक कर महफिल लूटी...

**मंडे स्पेशल**



मांझी द माउंटेन मैन 21 अगस्त को रिलीज होनी है लेकिन पंद्रह दिन पहले ही इंटरनेट पर लीक हो गई...

**एंटरटेनमेंट**



बार्बी डॉल कैटरीना कैफ ने मीडिया से कहा कि जब भी मेरी शादी होगी तो मैं हर जगह ढिंढोरा पीट दूंगी...


### 69वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद निकली आकर्षक झांकी, जीविका की झांकी को मिला पहला स्थान

# समृद्ध बिहार की झलक दिखी झांकियों में

**स्वतंत्रता दिवस की 68वीं वर्षगांठ की राजधानी में धूम रही। शनिवार की सुबह से देर शाम तक आजादी के जश्न में लोग डूबे रहे। गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद बिहार के गौरव और विकास के बढ़ते कदम की 12 आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। स्कूलों और कॉलेजों में ही नहीं विभिन्न संगठनों और क्लबों ने भी आजादी का जश्न मनाया और शहीदों को नमन किया। दूसरी ओर स्वतंत्रता दिवस पर शौकिया गायकों ने अपने गीत-संगीत से रंग जमाया। सभी ने राष्ट्रीय पर्व को खास बनाने की कोशिश की। कहीं पौधा लगाकर तो कहीं सप्तमूर्ति बनकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।**

गांधी मैदान




पहला स्थान

झांकियों के जरिए सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। जीविका की झांकी में रंग-बिरंगे पोशाक में जब बच्चे निकले तो लोगों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। • हिन्दुस्तान

## बिहार के बढ़ते कदम

गांधी मैदान




दूसरा स्थान

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की आकर्षक झांकी। • हिन्दुस्तान

गांधी मैदान



तीसरा स्थान

पर्यटन विभाग की झांकी में दिखाया गया कि पर्यटन के क्षेत्र में भी बिहार धाक जमा रहा है। • हिन्दुस्तान

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

69वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद विभिन्न विभागों की 12 आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राज्य स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य विभाग, महिला विकास निगम, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार महादलित विकास निगम, जीविका, पर्यटन विभाग के साथ-साथ विभिन्न विभागों की गतिविधियों पर आधारित झांकियों की प्रस्तुति हुई। जीविका की झांकी को प्रथम, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की झांकी को द्वितीय एवं पर्यटन विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार देने का निर्णय निर्णायक मंडल ने लिया। निर्णायक मंडल में प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग सुधीर कुमार राकेश, पुलिस महानिरीक्षक अभियान सुशील खोपड़े एवं सचिव जल संसाधन विभाग दीपक कुमार सिंह शामिल थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झांकियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि झांकियों के जरिए सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करने का यह अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार होना चाहिए।

## सांस्कृतिक संध्या में शौकिया गायकों ने खूब जमाया रंग

पटना | प्रधान संवाददाता

भारतीय पुलिस सेवा, राजस्व सेवा के वरीय अधिकारी, व्यवसायी और प्रोफेशनल्स के साथ बच्चों और महिलाओं ने भी अपनी गायिकी से संगीतप्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। खासकर आईपीएस आलोक राज, वरीय आईआरएस प्रशांत भूषण, अजय सिंह ने देशभक्ति के गीत पेश करके दिल जीता।

मौका था पुतुल फाउंडेशन की ओर से केन्द्रीय राजस्व भवन के सभागार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या एन इवनिंग ऑफ मेलोडी बाई ऐमेच्योर आर्टिस्ट का। सीनियर आईएएस त्रिपुरारी शरण, आयकर निदेशक बिहार-झारखंड प्रशांत भूषण, एडीजी आलोक राज, फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। अतिथियों ने सांस्कृतिक विरासत के संजोए रखने का आह्वान किया। इस सुरमयी शाम का आगाज सरगम मंदिलवार ने देशभक्ति गीत-ऐ मेरे वतन के लोगों से की। फिर मंच पर राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक राज आए। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। बानगी देखें..ऐ मेरे प्यारे वतन..कर चले हम फिदा जाने तन साथियों...संदेशे आते हैं...ये देश है वीर जवानों का ...जनम जनम का साथ है..।
वरीय अधिकारी विश्वप्रिय अखौरी ने आज से पहले आज से ज्यादा खुशी आज तक नहीं मिली.., सुनील दत्त मित्र ने ये जो मोहब्बत है ये उनका है काम...ये लाल रंग कब मुझे छोड़ेगा...विशाल वर्मा ने जीवन से भरी तेरी आंखें, आयकर आयुक्त अजय सिंह ने जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा...आदि से सबको झुमाया। अपराजिता, आयकर अधिकारी मनीष वर्मा, फिरोज हुसैन, रश्मि श्रीवास्तव, संजय संथालिया, रंजीत मंदलिवार, पुष्पा कुमारी, नीरज सिन्हा, विवेक राणा, शबाना विनय आनंद, आदि ने भी गीत गाए। संचालन स्वाति शिखा ने किया।

# हिन्दुस्तान के साथ मनाया आजादी का जश्न

पटना | वरीय संवाददाता

आदित्य, अविनाश और आलोक को कूड़े के ढेर में फेंका हुआ तिरंगा दिखा। उन्होंने उसे वहां से निकाला। तिरंगा साफ किया और मौर्यालोक में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान की ओर से आयोजित कार्यक्रम 'आजादी का जश्न हिन्दुस्तान के साथ' में लेकर पहुंचे। तीनों ने तिरंगा की गरिमा को नहीं गिरने देने की शपथ लोगों को दिलाई।

### भरा देशभक्ति का भाव

हिन्दुस्तान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्लम में रहने वाले दो बच्चों ने ढपली की थाप पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौर्यालोक में आयोजित कार्यक्रम में राजधानीवासियों की शाम को देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस मौके पर आपके अपने अखबार की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें फेस पेटिंग, पेटिंग, स्लोगन लेखन, गीत और नृत्य मुख्य रहे। भाग लेने वाले लोगों ने सच्ची स्वतंत्रता का मतलब महिला सशक्तिकरण, संपूर्ण साक्षरता, भ्रष्टाचार मुक्त भारत को बताया।




मौर्या लोक में आजादी के जश्न के दौरान डफली बजाते स्लम के बच्चे। • हिन्दुस्तान



स्वतंत्रता दिवस पर झंटे को सलामी देते निदेशक राजेन्द्र सिंह लाहोरिया।

### तालियां बजती रहीं, देशभक्ति के नारे लगते रहे

मौर्याल लोक परिसर में आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान की ओर से लगाए गए व्हाइट बोर्ड पर वहां पहुंचने वाले लोग आजादी का संदेश बारी-बारी से लिखते गए। इस तरह कार्यक्रम की समापन तक यह सिलसिला चला। कई युवाओं ने देशभक्ति गीतों पर डांस किया। मौर्यलोक परिसर में मौजूद बड़ी संख्या में बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर वहां उपस्थित दर्शक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों की हौसलाफजाई करते रहे। तालियां बजती रही और देशभक्ति नारे लगते रहे। लगभग सभी कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी उत्साहवर्द्धक रही।

### एयरपोर्ट पर झंडोत्तोलन के बाद रंगारंग कार्यक्रम

पटना एयरपोर्ट परिसर में 69वें स्वतंत्रता दिवस पर एयरपोर्ट निदेशक राजेन्द्र सिंह लाहोरिया ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। सीआईएसएफ जवानों ने बेहतरीन मार्चपास्ट किया। पहली बार एयरपोर्ट के पार्किंग एरिया में झंडोत्तोलन के बाद रंगारंग कार्यक्रम हुआ। राजेन्द्र सिंह लाहोरिया ने देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान एयरपोर्ट ऑथरिटी के बच्चों ने देशभक्ती गीत पर बेहतरीन नृत्य पेश किए। इंडिगो और एयरपोर्ट ऑथारिटी के कर्मचारियों ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी। डॉग स्क्वायड की टीम ने करतब दिखाए। मौके पर टर्मिनल मैनेजर विनय मिश्रा, अवधेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

**मेरी आवाज सुनो**



अवधेश कुमार सिन्हा

अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी

### स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव तक से लगा चुका हूं गुहार, हाईकोर्ट का आदेश भी नहीं मान रहे अफसर

## जूनियर रहे कर्मचारियों से कम पेंशन दे रहा स्वास्थ्य विभाग

मैं बिहार स्वास्थ्य संवर्ग का अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी हूं। मैं शैक्षणिक शाखा में कार्य करते हुए सह प्राध्यापक पद से 30.11.1998 को सेवानिवृत्त हुआ। स्वास्थ्य विभाग के 23 मई के पत्रांक के आधार पर मुझे राज्य स्वास्थ्य संवर्ग के सुपर टाइम प्रवर कोटि (ढाई प्रतिशत -4300-5500 रुपए) के वेतनमान पर 01.02.1994 से प्रोन्नति देते हुए वेतन सुरक्षा का लाभ प्रदान किया गया। मुझसे स्वास्थ्य संवर्ग में कनीय गैर शैक्षणिक पदों पर कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों को 18.07.1998 की अधिसूचना के आधार पर ढाई प्रतिशत के वेतनमान 4300-5550 रुपए में प्रोन्नति दी गई। नियमानुसार शैक्षणिक शाखा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों को वेतन सुरक्षा दिए जाने का प्रावधान है।

पांचवा वेतन आयोग लागू होने पर 4300-5550 रुपए का पुनरीक्षित वेतनमान 14300-18300 रुपए हो गया। मुझसे जूनियर बिहार स्वास्थ्य संवर्ग के गैर-शैक्षणिक पदों पर कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी को अपर निदेशक/उप निदेशक पदों पर चिह्नित कर 14300-18300 रुपए का वेतनमान स्वीकृत किया गया। इस वेतनमान पर कार्य करते हुए अवकाश ग्रहण करने वाले कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के लागू होने पर पे-बैंड 8700 की दर से पेंशन राशि का भुगतान हो रहा है, जबकि मुझे पे-बैंड तीन, ग्रेड पे 7600 मिल रहा है। इस आधार पर मुझे 17289 रुपए पेंशन मिल रही है। वहीं मेरे से जूनियर रहे कर्मचारियों को 23050 रुपए पेंशन मिल रही है। इस तरह मुझे पांच हजार से अधिक राशि का नुकसान हर महीने उठाना पड़ रहा है। मैंने इस विसंगति को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारियों को सैकड़ों बार पत्र लिख चुका हूं, लेकिन कोई मेरी आवाज नहीं सुन रहा है। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि वर्षों स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने के बाद उचित पेंशन के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ेगी। इस संबंध में मैंने पटना हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की। इस मामले में पटना हाईकोर्ट ने 28.08.2014 को आदेश पारित किया और इस प्रकरण को दो महीने में निपटाने का आदेश दिया। मैंने न्यायालय के आदेश की प्रति प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग को दो सितंबर 2014 को दे दी। आदेश की प्रति दिए हुए एक वर्ष बीतने को है लेकिन इस संबंध में अब तक मुझे कोई सूचना नहीं मिली। मैं इस मामले से जुड़े समस्त कागजात भी प्रधान सचिव को दे चुका हूं, लेकिन वह भी मेरी आवाज अनसुनी कर रहे हैं। इस संबंध में हुई कार्रवाई की जानकारी मैंने सूचना के अधिकार के तहत मांगी। जवाब मिला कि आपके पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मेरे साथ अपनाए जा रहे दोहरे रवैये की जानकारी मैंने स्वास्थ्य विभाग के सभी बड़े अधिकारियों को दी लेकिन कोई मेरी आवाज नहीं सुन रहा है।

अगर आप प्रशासनिक तंत्र से परेशान हैं। कोई आपकी बात नहीं सुन रहा है, तो हमें ई-मेल या पत्र लिखकर बताएं

'हिन्दुस्तान', मेल बॉक्स, हिन्दुस्तान, बुद्धमार्ग, पटना-800001

ई-मेल करें hmvlpatna@gmail.com

फोन नं-8544401063, 9431859094

## सात शहीद नाटक का मंचन

पटना | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक आदित्य मित्तल ने झंडोत्तोलन किया। पूर्व मध्य रेल की कला समिति के कलाकारों ने सात शहीद नाटक का मंचन किया। महाप्रबंधक ने कहा कि 1 अक्टूबर 2002 से पूर्व मध्य रेल यात्री सेवा और विकास की ओर अग्रसर है।

जनहित क्लब के अध्यक्ष के प्रशांत प्रताप ने कार्यालय परिसर में झंडा फहराया। मारवाड़ी चिकित्सा सेवा समिति एवं पतंजलि योगपीठ की ओर से आरोग्य मंदिर अस्पताल परिसर में स्वतंत्रता दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजित हुआ। इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने झंडोत्तोलन किया। पटेल संवा संघ कार्यालय में संघ के महासचिव सुनील सिन्हा ने, अखिल भारतीय सिन्दूरिया महासभा कार्यालय में महासभा के संस्थापक अरविन्द निराला ने, स्टेट एसपीसीए कार्यालय में सचिव रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने, कुर्मी विकास परिषद कार्यालय में महासचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने, चित्रगुप्त समाज कार्यालय में विनोद कुमार ने, बरनवाल भवन न्यास कार्यालय में अध्यक्ष जयशंकर ने, बिहार राज्य पंचायत परिषद कार्यालय परिसर में संयोजक बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह ने, इनर्जी इंटरनेशनल कार्यालय में गजेन्द्र झा ने और महावतार बाबा मेमोरियल ट्रस्ट कार्यालय में ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय ने ध्वज फहराया। अराजकीय प्रारंभिक शिक्षक संघर्ष मोर्चा, झंडोत्तोलन मोर्चा, राम प्रसाद होमियो फार्मेसी कार्यालय परिसर में, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि परिसर में और नव प्रगति समाज कार्यालय और प्रयास भारती ट्रस्ट कार्यालय में भी झंडा फहराया गया।